भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +1769
सोमवार, 2 मार्च, 2020/12 फाल्गुन 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

डल झील और मानसबल झील पर नियंत्रण

+1769. श्री अकबर लोनः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का मानसबल झील और डल झील को पर्यटन मंत्रालय के प्रत्यक्ष नियंत्रण में लिए जाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में भावी दृष्टिकोण क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय के पास डल झील और मानसबल झील को अपने नियंत्रण में लेने का कोई प्रस्ताव नहीं है । तथापि, पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन तथा प्रशाद नामक अपनी योजनाओं के अंतर्गत देश में पर्यटन अवसंरचना एवं सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है । इन योजनाओं के अंतर्गत विकास हेतु परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशा निर्देशों के अनुपालन और पूर्व में जारी निधियों की उपयोगिता की शर्त पर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

मंत्रालय ने उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत जम्मू एवं कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र तथा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र में **594.52** करोड़ रुपए की राशि से **7** परियोजनाओं को स्वीकृति दी है । तीन परियोजनाओं के अंतर्गत शामिल डल झील तथा मानसबल झील में विकास कार्य का विवरण नीचे दिया गया है:

क्रमांक	प्रोजेक्ट का नाम / साल	गंतव्य	गंतव्य के लिए स्वीकृत राशि	घटक
1	हिमालय सर्किट का एकीकृत विकासः पेहलगाम, कारगिल, लेह 2016-17	डल झील	**26.89** करोड़ रु.	फ्लोटिंग कैफेटेरिया, शिकारा घाट, साउंड एंड लाइट शो, शौचालय, बेंच, पाथवे आदि का विकास.
2	हिमालयसर्किट का एकीकृत विकासः बाढ़ में			

	नष्ट के बदले परिसंपत्तियों का निर्माण 2016-17			
3	हिमालय सर्किट का एकीकृत विकास: जम्मू-राजौरी-शोपियां-पुलवामा 2016-17	मानसबल झील	**5.00** करोड़ रु.	मानसबल झील में जल खेल का विकास

****